# Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# भारत नेपाल सीमा पर तस्करों की हो रही है चांदी

अपराध

## हर व्यक्ति से कमा रहे है दो से पांच हजार रूपये तक तस्कर

टूयूब के सहारे करा रहे नदी पार



**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। भारत नेपाल सीमा को जोड़ने वाले झूलाघाट ,जौलजीवी, बलुवाकोट व धारचूला पुलों के बंद होने की वजह से इन सीमाओं पर आजकल तस्करों की मुराद पूरी होते दिखाई दे रही है। बता दें कि सीमा पर ये तस्कर टूयूब के सहारे स्थानीय लोगों को नदी पार कराने के नाम पर हर व्यक्ति दो से पांच हजार रूपये लेकर खूब चांदी काट रहे है।

जानकारी के मुताबिक कोरोना से बचाव के चलते सील नेपाल सीमा पर इन दिनों तस्करों की आवाजाही देखने को मिल रही है। पंचेश्वर से लेकर जौलजीवी के बीच ये तस्कर काली नदी को टूयूब को सहारे पार कर भारत का माल नेपाल और नेपाल का माल भारत पहुंचा रहे है। बता दें कि सीमा पर हर समय सशस्त्र बल व पुलिस बल के जवानों का पहरा होने के बावजूद ये तस्कर अपनी तस्करी को अंजाम दे रहे है।

अब तक इन तस्करों पर कोई खास कारवाई होने के संकेत भी नही मिल रहे है। इस इलाके में आजकल तस्करों के हौसले पूरी तरह से चाक चौबंद हो चुके है। वही इन तस्करों के आगे हालात अभी भी जस के तस पड़े हुए है। लोगों की मानें तो जब से लॉकडाउन लगा है तब से लेकर आजतक भारत नेपाल सीमा पर काली नदी को ये तस्कर टूयूब के सहरे चोरी छिपे पार करते हुए देखे जा सकते है। तस्करी जिन स्थानों से हो रही है वे है पंचेश्वर से लेकर जौलजीवी के मध्य सप्तड़ी ,बलतडी,कानडी, सीमू , तालेश्वर, सिमपानी, खर्कतडी, अमतडी, डोडा व चकरी के समीप काली नदी में दिनों काफी तस्करी हो रही है। सीमा पर हो रही यह तस्करी अब गश्त पर मुस्तैद जवानों व स्थानीय पुलिस बल की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर रही है।

जानकारी के मुताबिक भारत नेपाल सीमा को जोड़ने वाली काली नदी पर टूयूब के सहारे तस्करी कर रहे लोगों को बिल्कुल भी अपने जान की परवाह भी नही हो रही है। ये तस्कर अपनी जान जोखिम में डालकर अन्य लोगों की जान से खासा खिलवाड़ करने में तुले हुए है। भारत से अब तक तस्करी हो रहे सामानों में ज्यादातर बीड़ी, चप्पल,खाद्य,तेल व कपड़ा बर्तन व दवाइयां और इलेक्ट्रानिक सामान नेपाल भेजा जा रहा है।

नेपाल से खुकरी सिगरेट भी इलाके तक आसानी से पहुंच रही है। इस बारे में झूलाघाट के थानाध्यक्ष तारासिह राणा ने बताया कि टूयब के सहारे काली नदी को पार करने की सूचना मिल रही है। तस्करी करने वालों पर हम नजर बराबर रखे हुए हैं। यदि कोई मामला संज्ञान में आया तो हम त्वरित कारवाही करेंगे।

## न्यूज डायरी

### चोरी की योजना बनाते दो गिरफ्तार

**संवाददाता** हरिद्वार, 20 अक्टूबर। कनखल पुलिस ने सोमवार की रात गश्त के दौरान क्षेत्र से चोरी की योजना बनाते दो युवकों को आलानकब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कनखल पुलिस ने सोमवार की रात को गश्त के दौरान आनंदधाम कॉलोनी राजागार्डन रोड जगजीतपुर से चोरी की योजना बनाते दो युवकों को दबोचा है। जिनके पास से पुलिस ने दो आलानकब, लोहा काटने वाला कटर सहित अन्य औजार बरामद किये हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना नाम जावेद पुत्र मुम्त्याज और जेनुल पुत्र सलीम निवासीगण ग्राम रणसुरा लक्सर हरिद्वार बताते हुए खुलासा किया कि वह क्षेत्र में चारी की नीयत से घूम रहे थे कि पकड़े गये।

### किसी प्रकार की भ्रांतियां नहीं, 2021 में ही होगा हरिद्वार में कुम्भ पर्व

**संवाददाता** हरिद्वार। हरिद्वार में 2021 में होने वाले कुम्भ पर्व को लेकर कई प्रकार की भ्रांतियाँ पैदा की जा रही हैं। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस बार 2022 के स्थान पर हरिद्वार कुम्भ 2021 में हो रहा है। इस सम्बन्ध में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत स्वामी हरि गिरि जी महाराज ने बताया कि वास्तविकता तो यह है कि हरिद्वार कुम्भ का योग देवताओं के गुरु बृहस्पति के कुम्भ राशि में संक्रमण करने पर बनता है। प्राचीन ऋषियों ने पूरे ब्रहांड को 360 डिग्री का भाग देकर उसके 12 भाग किए और उन्हें 12 राशियों में बांट दिया। हमारे 9 ग्रह सूर्य आदि इन्ही राशि चक्रों से गुजरते हुए विभिन्न योग बनाते हैं।

### रिलायंस ज्वेल्स ने त्योहारों के इस मौसम के लिए पेश किया नया उत्कला कलेक्शन

**संवाददाता** हरिद्वार। भारत के सबसे भरोसेमंद ज्वैलरी ब्रांड्स में से एक रिलायंस ज्वेल्स ने इस बार त्योहारों का स्वागत करने के लिए 'उत्कला' नाम से आभूषणों की एक उत्कृष्ट रेंज पेश की है. ज्वैलरी का यह कलेक्शन 'ओडिशा' की सांस्कृतिक परम्पराओं से प्रेरित है. इस कलेक्शन में विशिष्ट मोटिफ्स्च, आकार और डिजाइनों का असली मेल और ओडिशा की कला, परम्परा तथा संस्कृति का साकार रूप है.

इस बेहद सुन्दर कलेक्शन में खूबसूरत डिजाइनें हैं और ग्राहक बहुत बारीकी से डिजाइन किए गए एवं सुंदरता से बनाए गए तरह–तरह के आभूषणों में से अपनी पसंद का गहना चुन सकते हैं. इस कलेक्शन के लिए सहजता से की गई कारीगरी सुविख्यात कोणार्क सूर्य मंदिर की कला, मुक्तेश्वर मंदिर की कला, पुरी जगन्नाथ मंदिर की कला, सीन्थी नृत्य कला, बोइता बंधन समुद्री धरोहर और मनमोहक पट्टचित्र कला से प्रेरित है।

## रोडवेज कर्मचारियों ने मांगों को लेकर दिया धरना

**संवाददाता** हरिद्वार। उत्तराखंड परिवहन निगम कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार करते हुए मंगलवार को बस अड्डा परिसर पर धरना दिया। कर्मचारियों ने मांगे पूरी न होने पर 28 अक्टूबर से चक्का जाम करने की चेतावनी दी है।

इस मौके पर शाखा अध्यक्ष जल सिंह ने कहा कि प्रांतीय आह्वान पर हरिद्वार डिपो की 13 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच महीने से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। जिस वजह से सबसे ज्यादा दिक्कतें खड़ी हो रही हैं। आर्थिक परेशानी के कारण मानसिक तनाव से भी रोडवेज कर्मचारी जूझ रहे हैं। लेकिन कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया जा रहा है। परिवहन निगम में कार्यरत संविदा, विशेष श्रेणी कर्मचारियों को समान कार्य, समान वेतन के साथ ही नियमितीकरण किया जाए, प्रोत्साहन राशि दिलाया जाना चाहिए। निगम के भुगतान जल्द से जल्द कराएं जाए। शाखा मंत्री दीपचंद ने कहा कि परिवहन निगम के मृतक आश्रितों को पूर्व की भांति नियुक्ति दी जाए। निदेशक मंडल की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुरूप तत्काल परिवहन निगम में आयुष्मान भारत, अटल आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाए।

उन्होंने कहा कि इन सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। मांगें अगर जल्द से जल्द पूरी नहीं की गई तो प्रांतीय स्तर पर निर्णय लिए जाने के बाद 28 अक्टूबर से चक्का जाम किया जाएगा। धरना देने वालों में सौराज सिंह, रफल सिंह आदि शामिल रहे।

## हरियाणा से लाई गई शराब की खेप के साथ तस्कर गिरफ्तार

पुलिस ने कार से बरामद की दस पेटी देशी शराब

**संवाददाता** हरिद्वार। ज्वालापुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र से हरियाणा से लायी गयी भारी मात्रा में देशी शराब की खेप बरामद करते हुए शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा हैं कि हरियाणा की शराब शहर के माफिया के ठिकाने पर उतारी जाती इससे पूर्व ही पुलिस ने पकड़ ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्वालापुर को तड़के मुखबिर से सूचना मिली कि हरियाणा से भारी मात्रा में शराब की खेप सेक्टर–2 बैरियर से होते हुए शहर में ले जायी जा रही है। सूचना पर पुलिस ने सेक्टर–2 बैरियर पर फिल्डिंग लगाकर बताये गये नम्बर की कार को रोक लिया। बताया जा रहा है कि पुलिस को देखकर कार चालक मौके से फरार होने का प्रयास करने लगा। लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के चलते कामयाब नहीं हो सका। पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। कार की तलाशी लेने पर पुलिस ने दस पेटी हरियाणा मार्क की देशी शराब बरामद की है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम अनिल सिंह पुत्र सुखपाल सिंह निवासी कोट मुरादनगर आसफनगर ग्रांट पिरान कलियर हरिद्वार बताते हुए खुलासा किया कि शराब की खेप हरियाणा से लाकर शहर के शराब माफिया के अड्डे पर उतारी जानी थी। लेकिन पहले ही पुलिस ने पकड लिया। कोतवाली ज्वालापुर एसएसआई सुनील रावत के अनुसार पुलिस तडके सेक्टर–2 बेरियर से मुखबिर की सूचना पर कार से दस पेटी देशी शराब के साथ एक को दबोचा है।

## सुधि संस्था के प्रशिक्षण व मुफ्त में बीज व पौध वितरण के दौरान ओएनजीसी के सहयोग की ग्रमीणों ने की तारीफ

**संवाददाता**



पिथौरागढ़। ओएनजीसी दून के द्वारा सुधि संस्था को दिये गये आर्थिक मदद और मूनाकोट ब्लाक के ग्रामसभा गंगासेरी जिला मुख्यालय पिथौरागढ़ के किसानों को दिये गये सुधि संस्था द्वारा सहायोग की गांव के ग्रमीणों ने जमकर तारीफ की है।

बता दें कि इस दौरान सुधि संस्था के द्वारा इलाके के ग्रमीणों को मुफ्त में आर्गेनिक सब्जी व व मसालों की उपज करवाने हेतु सफलतापूर्वक प्रशिक्षण कार्यक्रम में आजिविका को बढ़ावा देने हेतु मजबूती से गांव के किसानों के लिए की गई पहल आज रंग लाने लगी है। वही इस दौरान गांव के ग्रमीणों ने सुधि संस्था के प्रशिक्षण में शामिल प्रशिक्षकों व ओएनजीसी के कार्यो की सराहना की है। सुधि संस्था के अध्यक्ष हंसा दत्त भटट ने गंगासेरी गांव के ग्रमीणों को सुधि संस्था के कार्यो के बारे में रूबरू करवाया। गांव के ग्रमीणों ने सुधि संस्था के अध्यक्ष के समक्ष अपनी समस्याओं को भी रखा। इस दौरान सुधि संस्था के अध्यक्ष हंसा दत्त भट्ट, सुधि संस्थां के महासचिव किशोर कुमार व सुधि संस्था के परियोजना समनव्यक रेनू सामंत समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्रीराम लीला रंगमंच मायापुर का हुआ उद्घाटन

**संवाददाता** हरिद्वार। श्रीराम लीला रंगमंच मायापुर द्वारा आयोजित की जा रही लीला का उद्घाटन वैद्य एमआर शर्मा, वार्ड नंबर 12 के पार्षद विकास कुमार विक्की एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. विशाल गर्ग ने संयुक्त रूप से किया। मंच का संचालन पूर्व की भांति राजू मनोचा ने किया तथा रंगमंच के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, इस वर्ष लीला के संयोजक भोला शर्मा, अमित बोरी, समीर शर्मा, रंगमंच के मंत्री गौरव कालरा, जितेंद्र चौरसिया, मुकेश अग्रवाल, कमल अग्रवाल ने सभी सम्मानित अतिथियों का श्रीराम का पटका पहनाकर एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. विशाल गर्ग ने अपने संबोधन में कहा इस कोरोना काल में भी श्रीरामलीला रंगमंच मायापुर में भव्य रामलीला का आयोजन शासन द्वारा दिए गए दिशा–निर्देशों का पूर्ण रुप से पालन करते हुए किया जा रहा है जिसमें राम भक्तों का भी इसमें पूर्ण रूप से सहयोग मिल रहा है। विशिष्ट अतिथि के रुप में श्री रामलीला कमेटी पंचपुरी हरिद्वार सजन मोदी ने भी अपने संबोधन में युवा टीम को बहुत–बहुत बधाई दी।